स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग,
झारखण्ड सरकार

# मानक संचालन प्रक्रिया (SOP)

## कार्यक्रम प्रबंधन

## 65वीं सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता 2026-27

झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची।

# अनुक्रमणिका


| क्र. | विवरण | पृष्ठ संख्या |
| --- | --- | --- |
| 1 | प्रस्तावना | 3 |
| 2 | सुब्रतो कप में झारखण्ड की उपलब्धि | 4 |
| 3 | प्रतियोगिता की संरचना, प्रक्रिया, पात्रता, नियम एवं पंजीयन शुल्क | 5-9 |
| 4 | विद्यालय स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजन की विवरणी | 10 |
| 5 | प्रखण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजन की विवरणी | 11-13 |
| 6 | जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजन की विवरणी | 14-16 |
| 7 | प्रमण्डल स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजन की विवरणी | 17-19 |
| 8 | राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजन की विवरणी | 20-21 |

# प्रस्तावना

सुब्रतो कप एक प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय अंतर–विद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता है जो भारत के नई दिल्ली एवं बैंगलोर में आयोजित किया जाता है। यह भारत का सबसे पुराना अन्तर्राष्ट्रीय स्कूली फुटबॉल टूर्नामेंट है, जो देश में जमीनी स्तर पर खेल को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के लिए स्थापित किया गया है।

सुब्रतो कप प्रतियोगिता का आयोजन, **वायु सेना खेल नियंत्रण बोर्ड** द्वारा किया जाता है, जिसमें भारत के छात्र–छात्राओं के साथ–साथ एशिया के विभिन्न देशों के छात्र–छात्राएं, भी भाग लेते हैं, जिससे यह अधिक उल्लेखनीय प्रतियोगिताओं में से एक बन जाता है।

## इतिहास

**श्री सुब्रतो मुखर्जी** ने इस विचार की कल्पना 1958 ई0 में की थी, जब वह वायु सेना प्रमुख थे। सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्ट्स एजुकेशन सोसाइटी का गठन 1960ई0 में **टोक्यो** में उनकी असामयिक मृत्यु के बाद किया गया था।

पहली फुटबॉल प्रतियोगिता 1960ई0 में आयोजित किया गया था, जिसमें लगभग 50 विद्यालयों की टीम ने भाग लिया था। 1960ई0 से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस प्रतियोगिता का नाम **भारतीय वायु सेना के एयर मार्शल सुब्रतो मुखर्जी** के नाम पर रखा गया।

पिछले कुछ वर्षो में इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यालयों की संख्या में वृद्धि हुई है। 1998ई0 से यह प्रतियोगिता दो आयु वर्ग सब–जूनियर और जूनियर में खेल हो रहा है।

सुब्रतो कप का आयोजन युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार की मदद से **भारतीय वायु सेना** द्वारा किया जाता है। प्रारंभ में इसका आयोजन **डूरंड फुटबॉल टूर्नामेंट समिति** द्वारा किया गया था, लेकिन 1994ई. में, **वायु सेना खेल नियंत्रण बोर्ड** ने सुब्रतो कप प्रतियोगिता का अधिग्रहण कर लिया, तब से इसका आयोजन **वायु सेना खेल नियंत्रण बोर्ड** द्वारा किया जाता है।

# सुब्रतो कप में झारखंड की उपलब्धिः–

**Sub Junior U-14 (Boys)**

| Year | Winners | Score | Runners-Up |
|---|---|---|---|
| 2000 | Bokaro Ispat Vidyalaya, Bokaro Steel City, Jharkhand | 1–0 | Galaxy Public School, Kathmandu, Nepal |
| 2001 | St John Bosco Boys Ups School, Sohra, Meghalaya | 1–0 | St Ignatius' High School, Gumla, Jharkhand |
| 2022 | Heirok Higher Secondary School, Manipur | 2–0 | Berwa High School, Jharkhand |

**Junior U-17 (Boys)**

| Year | Winners | Score | Runners-Up |
|---|---|---|---|
| 2002 | Bokaro Secondary School, Sector IV-E, Jharkhand | 1–0 | Apex Public School, Sant Nagar, Delhi |
| 2004 | BSL IV E High School, Bokaro, Jharkhand | 1–1, 1–0 (ET) | Government Senior Secondary School, Dimapur, Nagaland |
| 2017 | St. Columbus Collegiate School, Jharkhand | 2–1 | Army Boys Company |

**Junior U-17(Girls)**

| Year | Winners | Score | Runners-Up |
|---|---|---|---|
| 2022 | St. Patrick's, Gumla, Jharkhand | 3–1 | Wangoi Higher Secondary School, Imphal, Manipur |
| 2023 | St. Patrick's, Gumla, Jharkhand | 3–0 | Girls Senior Secondary School, Alakhpura, Bhiwani, Haryana |
| **2024** | **Mother Internationl School, Ranchi** | **4-1** | **BANGLADESH KRIDA SIKHA PRATISTHAN BANGLADESH** |

## कार्यक्रम प्रबंधन

## प्रतियोगिता की संरचना

सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता तीन वर्गो यथा बालक अन्डर 15 एवं 17 तथा बालिका अन्डर 17 के लिए आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता विद्यालय स्तर से शुरू हो कर, प्रखण्ड, जिला, प्रमण्डल, राज्य स्तर पर होते हुए राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता उपरांत समाप्त होगी। प्रत्येक स्तर से अपने–अपने वर्ग की विजेता विद्यालय टीम अगले स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेगी।

| सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता | | |
|---|---|---|
| गोल | स्तर | प्रतियोगिता |
| मुख्य | राष्ट्रीय | सुब्रतो कप |
| प्रारंभिक | राज्य | राज्य सुब्रतो कप |
| प्रारंभिक | प्रमंडल | डिवीजन सुब्रतो कप |
| प्रारंभिक | जिला | जिला सुब्रतो कप |
| प्रारंभिक | प्रखण्ड | सब–डिवीजन सुब्रतो कप |

### खेल कार्यक्रम समय सारणीः–

| क्र.सं. | खेल कार्यक्रम | आयोजन तिथि |
|---|---|---|
| 1 | विद्यालय स्तरीय खेल प्रतियोगिता | 16-20 June 2026 |
| 2 | प्रखण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता | 23-30 June 2026 |
| 3 | जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता | 01-5 July 2026 |
| 4 | प्रमण्डल स्तरीय खेल प्रतियोगिता | 08-12 July 2026 |
| 5 | राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता | 17-21 July 2026 |
| 6 | राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर | 25 July to 14 Aug. 2026 |
| 7 | राष्ट्रीय स्तरीय खेल प्रतियोगिता | 18 Aug. to 25 Sep. 2026 |

**नोटः राष्ट्रीय स्तर सुब्रतों मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता के निर्धारित समय सारणी के आधार पर उपरोक्त निर्धारित तिथियों में परिवर्तन किया जा सकता है।**

## प्रमण्डल स्तरीय खेल प्रतियोगिता

| क्र.सं. | प्रमण्डल का नाम | आयोजन स्थल |
|---|---|---|
| 1 | दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल | राँची |
| 2 | उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल | हजारीबाग |
| 3 | संथाल परगना प्रमण्डल | दुमका |
| 4 | कोल्हान प्रमण्डल | पश्चिम सिंहभूम |
| 5 | पलामू प्रमण्डल | पलामू |

## पंजीयन शुल्क

प्रखण्ड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता के तीनों वर्गो के विजेता टीमों का ऑनलाईन माध्यम से सुब्रतो कप के वेवसाईट www.subrotocup.in में प्रति टीम दो हजार रुपये शुल्क जमा कर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। एक टीम में अधिकतम 25 खिलाड़ी ही पंजीयन कर सकते हैं। प्रखण्ड स्तर पर विजेता टीम का पंजीयन की जिम्मेवारी **प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी** की होगी।

## प्रक्रिया

1. प्रारंभिक अंतर–विद्यालय प्रतियोगिता प्रखंड, जिला और प्रमंडल स्तर से शुरू होकर राज्य स्तर पर समाप्त होते हैं।
2. राज्य अंतर–विद्यालय प्रतियोगिता जीतने वाली विद्यालय टीम नई दिल्ली एवं बैंगलुरू में मुख्य सुब्रतो कप प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है।
3. प्रखण्ड, जिला, प्रमण्डल एवं राज्य स्तर पर **प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान** प्राप्त करने वाली टीम को प्रमाण–पत्र और मेडल एवं ट्रॉफी तथा जिला, प्रमण्डल एवं राज्य स्तर के सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण–पत्र देना सुनिश्चित करेंगे।
4. प्रखण्ड एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिता के दौरान सघन निगरानी राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा किया जाएगा एवं राज्य कार्यालय द्वारा प्रमण्डल स्तरीय प्रतियागिता के दौरान पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाएगा।
5. **राज्य कार्यालय द्वारा प्रखण्ड, जिला एवं प्रमण्डल स्तरीय प्रतियोगिता आयोजन हेतु राशि उपलब्ध करायी जाएगी। प्रतियोगिता समाप्ति उपरांत प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी/ जिला शिक्षाा पदाधिकारी प्रखण्ड/जिला/ प्रमण्डल स्तरीय प्रतियोगिता में होने वाले व्यय प्रतिवेदन राज्य कार्यालय को सामर्पित करेंगे।**
6. **प्रखण्ड, जिला एवं प्रमण्डल स्तरीय सभी प्रतियोगिता की समाप्ति उपरांत प्रतियोगिता संबंधी Geo Tag फोटोग्राफ एवं विडीयो राज्य कार्यालय कार्यालय के ई–मेल आई.डी. *spojepccell@gmail.com* में भेजना सुनिश्चित करेंगे।**

## टीम एवं खिलाड़ी की पात्रता

1. प्रतियोगिता में झारखण्ड एकेडमिक काउंसिल (जैक) द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालय ''सभी सरकारी विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय, नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय, एकलव्य आवासीय विद्यालय, अल्पसंख्यक विद्यालय आदि, सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय, मॉडल विद्यालय, उत्कृष्ट विद्यालय (SoE), प्रखण्ड

स्तरीय आदर्श विद्यालय'' एवं **मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय** के खिलाड़ी भाग लेंगे।

2. प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम के खिलाड़ी एक ही विद्यालय के नियमित विद्यार्थी होने चाहिए।
3. राज्य सरकार द्वारा संचालित **आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र** के प्रशिक्षणरत् खिलाड़ी, **अपने विद्यालय के माध्यम से** प्रतियोगिता में प्रखण्ड स्तर से भाग लेंगे।
4. सभी टीम को प्रखण्ड स्तर पर प्रतिभागी होना अनिवार्य है। कोई भी टीम **राज्य स्तर** पर सीधे भाग लेने के लिए **पात्र नहीं होंगे**।
5. सभी प्रतिभागी अपना **एलीजीबिलिटी फॉर्म, आधार कार्ड, बोनाफाईड, जन्म प्रमाण पत्र** एवं **अंतिम वर्ष का अंक पत्र** अनिवार्य रूप से संलग्न करना सुनिश्चित करेंगे।
6. प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की आयु सीमा निम्नवत होनी चाहिए।

| क्र.सं. | आयुवर्ग | बालक/बालिका | जन्म तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | अन्डर 15 | बालक | जन्म 01 जनवरी 2012 या इसके बाद |
| 2 | अन्डर 17 | बालक | जन्म 01 जनवरी 2010 या इसके बाद |
| 3 | अन्डर 17 | बालिका | जन्म 01 जनवरी 2010 या इसके बाद |

7. प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को **उपलब्ध कराये गए, विहित प्रपत्र** को भरकर, योग्यता प्रमाण-पत्र की तीन प्रतियाँ एवं दो अद्यतन फोटोग्राफ के साथ देना अनिवार्य है।
8. विहित प्रपत्र के नीचे एवं फोटो में प्रभारी/ प्रधानाध्यापक द्वारा सत्यापित होना अनिवार्य है।
9. एक टीम में कुल 16 खिलाड़ी के साथ 01 प्रशिक्षक एवं 01 प्रबंधक होंगे।
10. प्रखण्ड, जिला, प्रमण्डल एवं राज्य स्तरीय संबंधी सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्ट्स एजुकेशन सोसाइटी, नई दिल्ली से प्राप्त दिशा-निर्देश की छायाप्रति एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों हेतु एलीजिबिलिटी फॉर्म का प्रारुप पत्र के साथ संलग्न कर भेजी जाएगी।
11. प्रतियोगिता प्रारम्भ होने के पूर्व खिलाड़ियों के विहित प्रपत्र की जाँच एवं दोनों (अन्डर-15 बालक एवं 17 बालक/बालिका) आयुवर्ग के लिए दाँत (28 दाँत) की गिनती आयोजक द्वारा किया जाएगा। जाँच में आयोग्य पाये गये खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में भाग लेने से वंचित कर दिया जाएगा। **यदि किसी टीम में चार या चार से अधिक खिलाड़ी निर्धारित आयु सीमा से**

**अधिक पाए जाते है, तो उस विद्यालय टीम को प्रतियोगिता में भाग लेने से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।**

## खेल के नियम

1. प्रतियोगिता "लीग–सह–नॉक आउट" आधार प्रणाली पर आयोजित की जाएगी और इसे फीफा द्वारा बनाए गए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) एवं सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड द्वारा अपनाए गए कानूनों और नियमों के अनुसार खेला जाएगा।
2. प्रखण्ड एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिता नॉक–आउट के आधार पर आयोजित की जाएगी।
3. प्रखण्ड एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिता में यदि कोई मैच, ड्रा पर समाप्त होता है, तो ट्राई–ब्रेकर के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।
4. प्रमण्डल एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता लीग–कम नॉक–आउट के आधार पर आयोजित की जाएगी।
5. खेल की अवधि 30–10–30 मिनट की होगी।
6. प्रमण्डल एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के नॉक–आउट मैच में निर्धारित समय में मैच का निर्णय नहीं होने की स्थिति में 7–1–7 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। यदि अतिरिक्त समय में भी मैच का निर्णय नहीं होने पर ट्राई–ब्रेकर के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।
7. प्रतियोगिता प्रारम्भ होने के पूर्व, प्रतियोगिता स्थल पर खिलाड़ियों की सूची विहित प्रपत्र के साथ संलग्न कर प्रतियोगिता संयोजक के पास जमा करना अनिवार्य होगा।
8. **प्रतियोगिता प्रारम्भ करने के निर्धारित समय के 30 मिनट के अन्दर कोई टीम उपस्थित नहीं हो पाएगी, तो उनके विपक्षी टीम को वॉक ओवर दे दिया जाएगा।**
9. प्रतियोगिता में भाग लेने वाले टीम के खिलाड़ियों को पूर्ण स्पोर्ट्स कीट **(जर्सी–पैंट, बूट, शिन गार्ड इत्यादि)** के साथ आना अनिवार्य होगा।
10. अपरिहार्य कारणों से किसी एक टीम में न्यूनतम 07 खिलाड़ी होने की स्थिति में भी मैच खेला जाएगा। परंतु तकनीकी कारणों से टीम के खिलाड़ियों के अयोग्य घोषित किए जाने पर यह नियम लागू नहीं होगा।
11. प्रतियोगिता में रेफरी/आयोजन समिति का निर्णय अन्तिम एवं मान्य होगा तथा उस पर कोई पुर्नविचार नहीं किया जाएगा।
12. प्रोटेस्ट की स्थिती में लिखित आवेदन एवं संबंधित साक्ष्य प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिती में प्रोटेस्ट स्वीकार्य नहीं होगा।
13. कोई भी स्कूल टीम के खिलाड़ी बिना अभिभावक सहमति पत्र (Consent Form) के बिना प्रतियोगिता में प्रतिभाग नहीं करेंगे (सहमति पत्र में स्पष्ट

रुप से उल्लेखित हो कि प्रतियोगिता के दौरान किसी प्रकार की आकस्मिक दुर्घटना की सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित खिलाड़ी/अभिभावक की होगी न की आयोजन समिति)।

14. किसी भी टीम द्वारा प्रोटेस्ट करने पर प्रोटेस्ट शुल्क 1000/– रुपये देय होगा एवं खेल समाप्ति के पश्चात 30 मिनट के अन्दर प्रोटेस्ट करना अनिर्वाय है, उसके बाद को आवेदन स्वीकार्य नहीं किया जाएगा।

# विद्यालय स्तरीय समिति

| | |
|---|---|
| 1. प्रधानाध्यापक | – अध्यक्ष |
| 2. विधालय प्रबंधन समिति | – सदस्य |
| 3. शारीरिक शिक्षा शिक्षक | – सदस्य |
| 4. खेल मंत्री – बाल सांसद | – सदस्य |
| 5. सभी वर्ग शिक्षक | – सदस्य |

**विद्यालय स्तरीय खेल प्रतियोगिताः–**

1. विद्यालय स्तरीय खेल इण्टर हाउस प्रतियोगिता के रूप में होगा। विद्यालय में अधिक टीम नहीं होने की स्थिति में चयन प्रक्रिया के माध्यम से विद्यालय टीम का निर्माण किया जाएगा।
2. विद्यालय के प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक, शारीरिक शिक्षा शिक्षक/ नोडल शिक्षक (जहाँ शारीरिक शिक्षा शिक्षक उपलब्ध नहीं है), विद्यालय प्रबंधन समिति एवं शिक्षक–अभिभावक समिति के साथ समन्वय स्थापित करते हुए विद्यालय स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन करेंगे। साथ ही प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में विद्यालय की सहभागिता सुनिश्चित करेंगे एवं प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को छात्र–छात्राओं की सूची उपलब्ध कराएंगे।
3. प्रतिभागियों के लिए First Aid एवं पेय–जल आदि की व्यवस्था विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के द्वारा किया जाएगा।
4. प्रखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालय की ओर से तीनों आयुवर्ग (अन्डर–15 बालक एवं 17 बालक/बालिका) में एक–एक टीम भाग लेगी।
5. विद्यालय टीम के खिलाड़ी का **एलीजीबिलिटी फॉर्म, अभिभावक सहमति पत्र** (Consent Form)**, आधार कार्ड, बोनाफाईड, जन्म प्रमाण पत्र** एवं **अंतिम वर्ष का अंक पत्र** के साथ प्रखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। टीम अपने साथ विहित रूप से भरा हुआ प्रतिभाग प्रपत्र (Participation Form) आवश्य लाएंगे।
6. **विद्यालय प्रधानाध्यपक/ प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं विद्यालय के शारीरिक शिक्षा शिक्षक सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता हेतु चयनित विद्यालय टीम के सभी खिलाड़ियों की आयु का मिलान विद्यालय के मूल नामांकन पंजी से अनिवार्य रूप से करेंगे तथा आयु सत्यापन के उपरांत ही एलीजीबिलिटी फॉर्म में हस्ताक्षर करेंगे। यदि प्रतियोगिता के दौरान या बाद में किसी खिलाड़ी की आयु अथवा एलीजीबिलिटी फॉर्म में अंकित अन्य विवरणी गलत पायी जाती है तो इसकी सम्पूर्ण जवाबदेही संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यपक/ प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं शारीरिक शिक्षा शिक्षक की होगी।**

# प्रखंड स्तरीय समिति

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रखंड विकास पदाधिकारी | – संरक्षक |
| 2. | प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी | – अध्यक्ष |
| 3. | प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी–सह–नोडल पदाधिकारी | – समन्वयक |
| 4. | तीन नामित शारीरिक शिक्षा शिक्षक | – सदस्य |
| 5. | फुटबॉल खेल/ J.O.A. के नामित प्रतिनिधि | – सदस्य |
| 6. | क्षेत्र के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी | – सदस्य |

## समिति के कर्त्तव्य एवं दायित्व :–

1. प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता प्रारंभ होने के पूर्व ही सभी संबंधित विद्यालयों से खेल में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों एवं टीमों की सूची प्राप्त कर खेल आयोजन तिथि के अनुसार विवरणिका तैयार कर विद्यालयों को पूर्व में सूचित कर देंगे।
2. प्रखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता के उपरान्त प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजेता टीम के खिलाड़ियों को **जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भागीदारी** कराना सुनिश्चित करेंगे।
3. **बालिका टीम** के साथ **महिला** शारीरिक शिक्षा शिक्षिका नहीं होने के स्थिति में प्रखंड स्तरीय समिति, किसी अन्य **महिला शिक्षिका** की जिम्मेवारी तय कर **जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भागीदारी** कराना सुनिश्चित करेंगे।
4. प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी तीनों (अन्डर–15 बालक एवं अन्डर–17 बालक/बालिका) आयुवर्ग के विजेता टीमों का **पंजीयन** www.subrotocup.in वेवसाईट पर **दो हजार** (2000/–) **रूपये** प्रति टीम पंजीयन शुल्क जमा कर ऑनलाईन करना सुनिश्चित करेंगे। एक टीम में अधिकतम 25 खिलाड़ियों का पंजीयन किया जा सकता है।
5. प्रखण्ड से जिला तक टीम भेजने तथा वापसी की जिम्मेदारी संबंधित प्रखण्ड के **प्रखण्ड प्रसार पदाधिकारी** की होगी।
6. प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन से संबंधित समस्त क्रियाकलापों का साक्ष्य **Geo Tag Photograph** के रूप में सुरक्षित रखेंगे।
7. प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता आयोजन से संबंधित समस्त व्यय की निकासी एवं व्यय विपत्र समर्पित करने की जिम्मेदारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी की होगी।

**प्रखण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता :-**

1. प्रखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागी अपना **एलीजीबिलिटी फॉर्म के साथ अभिभावक सहमति पत्र** (Consent Form)**, आधार कार्ड, बोनाफाईड, जन्म प्रमाण पत्र** एवं **अंतिम वर्ष का अंक पत्र** अनिवार्य रूप से लाना सुनिश्चित करेंगे। टीम अपने साथ विहित रूप से भरा हुआ प्रतिभाग प्रपत्र (Participation Form) आवश्य लाएंगे।

2. **प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रखण्ड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग ले रही टीमों के खिलाड़ियों की आयु का मिलान संबंधित विद्यालय के द्वारा मूल नामांकन पंजी के आधार हुआ है या नहीं। सत्यापन के उपरांत ही टीम को प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति प्रदान करेंगे। अन्यथा की स्थिति में आयु संबंधी किसी भी प्रकार का विवाद होने पर सम्पूर्ण जवाबदेही संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी की होगी।**

3. **प्रखण्ड विकास पदाधिकारी** की संरक्षण में सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी करेंगे।

4. प्रखण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता हेतु राशि राज्य कार्यालय द्वारा सभी जिलो का उपलब्ध करायी जा रही है। यह राशि खेल आयोजन, प्रमाण पत्र , ट्राफी, मेडल, फस्ट-एड, प्रतिभागियों के लिए पेयजल, भोजनादि एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाली विजेता टीम को खेल पोशाक (जर्सी-पैंट, शिन गार्ड (Shin Guards), मोजा एवं बूट) एवं परिवहन पर व्यय किया जाएगा। **जर्सी-पैंट (संबंधित प्रखण्ड का नाम अंकित होगा), बुट, मोजा एवं शिन गार्ड (Shin Guards) अनिवार्य रुप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना है, साथ ही साथ जर्सी-पैंट, बुट, मोजा एवं शिन गार्ड (Shin Guards) में चयनित टीम का ग्रुप फोटो राज्य कार्यालय के ई-मेल आई.डी.** ***spojepccell@gmail.com*** **में प्रेषित करेंगे।**

5. विभिन्न स्पर्धाओं में **प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान** प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी द्वारा मेडल, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा।

6. प्रतियोगिताओं के दौरान स्थानीय समुदाय, पंचायती राज के प्रतिनिधियों एवं समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाएगा, ताकि बच्चों को अधिक से अधिक प्रोत्साहित किया जा सके।

7. प्रखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन के दौरान बैनर एवं फोटोग्राफी आदि की उचित व्यवस्था की जाएगी एवं प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी द्वारा इसका संधारण किया जाएगा।

8. जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभगियों की सूची में प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं नोडल शिक्षक का हस्ताक्षर अनिवार्य है।

9. प्रखण्ड स्तर पर विजयी सभी दल को जिला स्तर के प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराने की जिम्मेवारी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी की होगी।

10. यात्रा व्यय की राशि का भुगतान प्रखण्ड स्तर पर प्राप्त मद से किया जाएगा।

11. **प्रखण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता की समाप्ति उपरांत दो दिनों के अन्दर प्रतियोगिता संबंधी विवरणी निम्नवत् प्रपत्र में जिला परियोजना कार्यालय एवं राज्य कार्यालय के ई-मेल आई.डी.** *spojepccell@gmail.com* **में भेजना सुनिश्चित करेंगे:-**

## प्रखण्ड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता में सम्मिलित विद्यालयों की विवरणीः-

**प्रखण्ड :- ..........................** **जिला :................................**

| क्र. सं. | सम्मिलित विद्यालय का नाम | अंडर-15, बालक हाँ/नहीं | अंडर-17, बालक हाँ/नहीं | अंडर-17, बालिका हाँ/नहीं |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

## प्रखण्ड विजेता टीम की सूची

| आयु वर्ग | प्रतियोगिता में स्थान | विद्यालय का नाम |
|---|---|---|
| अंडर-15, बालक | प्रथम | |
| | द्वितीय | |
| | तृतीय | |
| अंडर-17, बालक | प्रथम | |
| | द्वितीय | |
| | तृतीय | |
| अंडर-17, बालिका | प्रथम | |
| | द्वितीय | |
| | तृतीय | |

आयोजन समिति (शा0शि0शिक्षक) प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी

# जिला स्तरीय समिति

| | | |
|---|---|---|
| 1. जिला शिक्षा पदाधिकारी | – | संरक्षक |
| 2. जिला शिक्षा अधीक्षक | – | अध्यक्ष |
| 3. अतिरिक्त जिला कार्यक्रम अधिकारी–सह–नोडल पदाधिकारी | – | आयोजन सचिव |
| 4. प्रभाग प्रभारी, शारीरिक शिक्षा एवं खेल | – | समन्वयक |
| 5. जिला ओलम्पिक संघ के नामित प्रतिनिधि | – | सदस्य |
| 6. फुटबॉल खेल संघ के नामित प्रतिनिधि | – | सदस्य |
| 7. जिला के 05 शारीरिक शिक्षा शिक्षक | – | सदस्य |

## समिति के कर्त्तव्य एवं दायित्व :–

1. जिला स्तरीय प्रतियोगिता के निर्धारित तिथि के पूर्व जिला के सभी प्रखण्डों से प्रखण्ड के विजेता टीमों की सूची प्राप्त कर प्रतियोगिता की तैयारी करेंगे।
2. जिला स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन से संबंधित समस्त क्रियाकलापों का साक्ष्य **Geo Tag Photograph** रूप में सुरक्षित रखेंगे। राज्य परियोजना द्वारा मांगे जाने पर वह साक्ष्य प्रस्तुत करेंगे।
3. समस्त जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजन से संबंधित व्यय की निकासी एवं व्यय विपत्र समर्पित करने की जिम्मेदारी, जिला शिक्षा अधीक्षक की होगी।
4. **प्रमण्डल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले रही बालिका टीम** के साथ **महिला** शारीरिक शिक्षा शिक्षिका का रहना अनिवार्य होगा।
5. जिला से प्रमण्डल तक टीम भेजने तथा वापसी की जिम्मेदारी संबंधित **अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी** की होगी।
6. प्रमण्डल स्तर पर भाग लेने से पूर्व जिला के विजेता तीनों टीम का आयु सत्यापन हेतु Bone test करवाना सुनिश्चित करते हुए खिलाड़ी प्रतिभाग प्रपत्र (Participation Form) के साथ संलग्न किया जाएगा।

## जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता :–

1. जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागी अपना एलीजीबिलिटी फॉर्म, आधार कार्ड, बोनाफाईड, जन्म प्रमाण पत्र एवं अंतिम वर्ष का अंक पत्र अनिवार्य रूप से लाना सुनिश्चित करेंगे। टीम अपने साथ विहित रूप से भरा हुआ प्रतिभाग प्रपत्र (Participation Form) आवश्य लाएंगे।
2. जिला शिक्षा अधीक्षक की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित होंगे। अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी–सह–आयोजन सचिव के रूप में प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन सुनिश्चित करेंगे।
3. जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन में विभिन्न खेल संघों से मार्गदर्शन एवं आवश्यकतानुसार तकनीकी सहयोग प्राप्त करेंगे।

4. जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता हेतु राशि राज्य कार्यालय द्वारा सभी जिलो का उपलब्ध करायी जा रही है। यह राशि खेल आयोजन, प्रमाण पत्र, ट्राफी, मेडल, फस्ट–एड, प्रतिभागियों के लिए पेयजल, भोजनादि एवं प्रमण्डल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाली विजेता टीम को खेल पोशाक (जर्सी–पैंट, शिन गार्ड (Shin Guards), मोजा एवं बूट) एवं परिवहन पर व्यय किया जाएगा। **जर्सी–पैंट (संबंधित जिला का नाम अंकित होगा), बुट, मोजा एवं शिन गार्ड (Shin Guards) अनिवार्य रुप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना है, साथ ही साथ जर्सी–पैंट, बुट, मोजा एवं शिन गार्ड (Shin Guards) में चयनित टीम का ग्रुप फोटो राज्य कार्यालय के ई–मेल आई.डी. *spojepccell@gmail.com* में प्रेषित करेंगे।**
5. आयोजन समिति एवं खेल संघ, शारीरिक शिक्षा शिक्षकों एवं तकनीकी पदाधिकारियों के साथ आयोजन से पूर्व ससमय बैठक कराना, कार्यवाही निकालना तथा सफल आयोजन कराना नोडल पदाधिकारी का उत्तरदायित्व होगा।
6. प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मेडल, ट्रॉफी एवं मेरिट प्रमाण पत्र तथा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण–पत्र दिया जायेगा।
7. प्रतियोगिता के दौरान जिला प्रशासन, स्थानीय जन प्रतिनिधि, स्थानीय समुदाय एवं समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाएगा, ताकि बच्चों को अधिक से अधिक प्रोत्साहित किया जा सके।
8. जिला स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन के दौरान बैनर, फोटोग्राफी एवं प्रचार–प्रसार की आदि की उचित व्यवस्था किया जाएगा एवं अतिरिक्ति जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा इसका संधारण किया जाएगा।
9. **जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता की समाप्ति उपरांत दो दिनों के अन्दर प्रतियोगिता संबंधी विवरणी निम्नवत् प्रपत्र में राज्य कार्यालय के ई–मेल आई.डी. *spojepccell@gmail.com* में भेजना सुनिश्चित करेंगेः–**

## जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता में सम्मिलित विद्यालयों की विवरणीः–

**जिला का नाम :– ..........................        प्रमण्डल :.................................**

| क्र. सं. | सम्मिलित विद्यालय का नाम | अंडर–15, बालक हाँ/नहीं | अंडर–17, बालक हाँ/नहीं | अंडर–17, बालिका हाँ/नहीं |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

## जिला विजेता टीम की सूची

| आयु वर्ग | प्रतियोगिता में स्थान | विद्यालय का नाम |
|---|---|---|
| अंडर–15, बालक | प्रथम | |
| | द्वितीय | |
| | तृतीय | |
| अंडर–17, बालक | प्रथम | |
| | द्वितीय | |
| | तृतीय | |
| अंडर–17, बालिका | प्रथम | |
| | द्वितीय | |
| | तृतीय | |

आयोजन समिति (शा0शि0शिक्षक) अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी जिला शिक्षा अधीक्षक

SUBROTO CUP
International
Football Tournament

# प्रमण्डल स्तरीय समिति

| | | |
|---|---|---|
| 1. क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक | – | मुख्य संरक्षक |
| 2. जिला शिक्षा पदाधिकारी (आयोजक जिला) | – | संरक्षक |
| 3. जिला शिक्षा अधीक्षक (आयोजक जिला) | – | अध्यक्ष |
| 4. अतिरिक्त जिला कार्यक्रम अधिकारी (आयोजक जिला) | – | आयोजन सचिव |
| 5. प्रभाग प्रभारी, खेल (आयोजक जिला) | – | समन्वयक |
| 6. झारखण्ड ओलंपिक एसोसिएसन के नामित प्रतिनिधि | – | सदस्य |
| 7. फुटबॉल खेल संघ के नामित प्रतिनिधि | – | सदस्य |
| 8. आयोजक जिला के 05 शारीरिक शिक्षा शिक्षक | – | सदस्य |

## समिति के कर्त्तव्य एवं दायित्व :–

1. प्रमण्डल स्तरीय प्रतियोगिता के निर्धारित तिथि के पूर्व प्रमण्डल के सभी जिला से जिला के विजेता टीमों की सूची प्राप्त कर प्रतियोगिता की तैयारी करेंगे।
2. प्रमण्डल के विजेता टीम को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भेजने तथा वापसी की जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधीक्षक (प्रमण्डल स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजक जिला) की होगी।
3. **बालिका टीम** के साथ **महिला** शारीरिक शिक्षा शिक्षिका का होना अनिवार्य होगा।
4. प्रमण्डल स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन से संबंधित समस्त क्रियाकलापों का साक्ष्य **Geo Tag Photograph** के रूप में सुरक्षित रखेंगे। इसकी जवाबदेही अयोजक जिला के अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी की होगी, जो राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत करेंगे।
5. प्रमण्डल स्तरीय प्रतियोगिता आयोजन होने वाले व्यय की जिम्मेदारी, आयोजक जिला के जिला शिक्षा अधीक्षक की होगी। इस हेतु राशि कार्यालय से राशि आवंटित किया जा रहा है।

## प्रमण्डल स्तरीय खेल प्रतियोगिता :–

1. संबंधित प्रमण्डल के क्षेत्रीय शिक्षा उप–निदेशक की संरक्षण में प्रमण्डल स्तरीय खेल आयोजित होंगे।
2. आयोजक जिला के अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रतियोगिता के आयोजन सचिव के रूप में प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन कराना सुनिश्चित करेंगे। प्रतियोगिता के आयोजन में फुटबॉल खेल संघ से मार्गदर्शन एवं आवश्यक तकनीकी सहयोग प्राप्त करेंगे।
3. प्रमण्डल स्तरीय प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागी अपना एलीजीबिलिटी फॉर्म, अभिभावक सहमति पत्र, आधार कार्ड, बोनाफाईड, जन्म प्रमाण पत्र एवं

अंतिम वर्ष का अंक पत्र अनिवार्य रूप से लाना सुनिश्चित करेंगे। टीम अपने साथ विहित रूप से भरा हुआ प्रतिभाग प्रपत्र (Participation Form) आवश्य लाएंगे। आयोजन समिति द्वारा सभी प्रतिभागी टीम का आयु सत्यापन हेतु Bone test रिपोर्ट की जाँच प्रतियोगिता पूर्व करना सुनिश्चित किया जाए।

4. प्रमण्डल स्तरीय खेल प्रतियोगिता हेतु राशि राज्य कार्यालय द्वारा आयोजक जिलो का उपलब्ध करायी जा रही है। यह राशि खेल आयोजन, प्रमाण पत्र, ट्राफी, मेडल, फस्ट–एड, प्रतिभागियों के लिए पेयजल, भोजनादि एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाली विजेता टीम को खेल पोशाक (जर्सी–पैंट, शिन गार्ड (Shin Guards), मोजा एवं बूट) एवं परिवहन पर व्यय किया जाएगा। **जर्सी–पैंट (संबंधित प्रमण्डल का नाम अंकित होगा), बुट, मोजा एवं शिन गार्ड (Shin Guards) अनिवार्य रुप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना है, साथ ही साथ जर्सी–पैंट, बुट, मोजा एवं शिन गार्ड (Shin Guards) में चयनित टीम का ग्रुप फोटो राज्य कार्यालय के ई–मेल आई.डी.** *spojepccell@gmail.com* **में प्रेषित करेंगे।**

5. आयोजन समिति एवं खेल संघ, शारीरिक शिक्षा शिक्षकों एवं तकनीकी पदाधिकारियों के साथ ससमंय बैठक कराना, कार्यवाही निकालना तथा सफल आयोजन कराना नोडल पदाधिकारी का उत्तरदायित्व होगा।

6. खेल के पूर्व प्रमण्डल स्तरीय आयोजन समिति के सभी सदस्यों एवं तकनीकी पदाधिकारियों को खेल पोशाक के रूप में ट्रैकसूट एवं टी–शर्ट देना अनिवार्य है।

7. प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मेडल, ट्रॉफी एवं मेरिट प्रमाण पत्र तथा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण–पत्र दिया जायेगा।

8. प्रतियोगिता के दौरान जिला प्रशासन, स्थानीय जन प्रतिनिधि, स्थानीय समुदाय, पंचायती राज के प्रतिनिधियों एवं समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाएगा, ताकि बच्चों को अधिक से अधिक प्रोत्साहित किया जा सके।

9. प्रमण्डल स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन के दौरान बैनर एवं फोटोग्राफी की आदि की उचित व्यवस्था किया जाएगा एवं आयोजक जिला के अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा इसका संधारण किया जाएगा।

10. **प्रमण्डल स्तरीय खेल प्रतियोगिता की समाप्ति उपरांत दो दिनों के अन्दर प्रतियोगिता संबंधी विवरणी निम्नवत् प्रपत्र में राज्य कार्यालय के ई–मेल आई.डी.** *spojepccell@gmail.com* **में भेजना सुनिश्चित करेंगेः–**

## प्रमण्डल स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता में सम्मिलित विद्यालयों की विवरणीः–

प्रमण्डल :.................................

| क्र. सं. | सम्मिलित विद्यालय का नाम | अंडर–15, बालक हाँ/नहीं | अंडर–17, बालक हाँ/नहीं | अंडर–17, बालिका हाँ/नहीं |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

## प्रमण्डल विजेता टीम की सूची

| आयु वर्ग | प्रतियोगिता में स्थान | विद्यालय का नाम |
|---|---|---|
| अंडर–15, बालक | प्रथम | |
| | द्वितीय | |
| | तृतीय | |
| अंडर–17, बालक | प्रथम | |
| | द्वितीय | |
| | तृतीय | |
| अंडर–17, बालिका | प्रथम | |
| | द्वितीय | |
| | तृतीय | |

आयोजन समिति (शा0शि0शिक्षक)

अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
(आयोजक जिला)

जिला शिक्षा अधीक्षक
(आयोजक जिला)

## राज्य स्तरीय समिति

| क्र.स. | पदनाम | |
|---|---|---|
| 1 | सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग | संरक्षक |
| 2 | राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, रांची | अध्यक्ष |
| 3 | राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी–सह–नोडल पदाधिकारी | सदस्य सचिव–सह–आयोजन सचिव |
| 4 | प्रतिनियुक्त शारीरिक शिक्षा शिक्षक, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कोषांग, झा.शि.प.प, रांची | सदस्य |
| 5 | सचिव, झारखण्ड ओलम्पिक एसोसिएसन | सदस्य |
| 6 | अध्यक्ष द्वारा नामित फुटबॉल खेल से संबंधित शारीरिक शिक्षा शिक्षक | सदस्य |

**राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता :–**

1. राज्य स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता, आयोजक राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् की अध्यक्षता मे होगी।
2. राज्य स्तरीय सुब्रतो कप का आयोजन हेतु आयोजन समिति का गठन किया जाएगा, जिसके नोडल पदाधिकारी श्री धीरसेन ए. सारेंग, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, झा.शि.प.प. होंगे।
3. राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागी अपना एलीजीबिलिटी फॉर्म, आधार कार्ड, बोनाफाईड, जन्म प्रमाण पत्र एवं अंतिम वर्ष का अंक पत्र अनिवार्य रूप से लाना सुनिश्चित करेंगे। टीम अपने साथ विहित रूप से भरा हुआ प्रतिभाग प्रपत्र (Participation Form) आवश्य लाएंगे।
4. आयोजन समिति, फुटबॉल खेल संघ, तकनीकी पदाधिकारी एवं शारीरिक शिक्षा शिक्षकों के साथ ससमय बैठक कराना तथा सफल आयोजन कराना नोडल पदाधिकारी का उत्तरदायित्व होगा।

अतः निदेश है कि उपरोक्त दिये गये दिशा निर्देश के आलोक में 65वीं सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता 2026–27 को प्रखण्ड, जिला, प्रमण्डल एवं राज्य स्तर पर आयोजित करना सुनिश्चित करें।

03/06/26

**शशि रंजन,** भा.प्र.से
राज्य परियोजना निदेशक।

ज्ञापांकः– SPE/51/75/2026/2247 राँची, दिनांक 03/06/2026

**प्रतिलिपिः–**

1. सभी जिला शिक्षा पदाकधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।
2. सभी क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।
3. सभी उपायुक्त, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।
4. सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार को सूचनार्थ समर्पित।

**शशि रंजन,** भा.प्र.से

राज्य परियोजना निदेशक।

14

# SCHOOL EDUCATION AND LITERACY DEPARTMENT, JHARKHAND

## Subroto Cup International Football Tournament -2026

U-15 (Boys), Should be born on or after 01 January 2012
U-17 (Girls), Should be born on or after 01 January 2010
U-17 (Boys), Should be born on or after 01 January 2010

Photograph duly attested by the Principal/ Headmaster with stamp

**Format**

**Certificate of Eligibility**

Under -15 Boys, Under -17 Boys , Under-17 Girls

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Age Category | | | | | | | | |
| 2 | Name of Institution/ School | | | | | | | | |
| 3 | Name of Participant (In Block Letter) | | | | | | | | |
| 4 | Father's Name | | | | | | | | |
| 5 | Date of Birth | | | | | 2 | 0 | | |
| 6 | Permanent / Correspondence Address of Participant | | | | | | | | |
| 7 | Phone/ Mobile no. | | | | | | | | |
| 8 | Admission No & Year | | | | | | | | |
| 9 | Date of Joining the School | | | | | | | | |
| 10 | Standard & Section Studying in this year | | | | | | | | |
| 11 | Personal Identification Mark | | | | | | | | |
| 12 | Signature of the participant | | | | | | | | |

**Certificate:-**

1. Certified that the above participant is a bonafide student of this institution for the academic year.
2. Certified that I have personally verified the admission records maintained in the school and found correct.
3. Certified that it is understood in the event of information furnished above found to partly or wholly untrue, the above student is liable to be the disqualified for a period of two years In case the students is a member of the team, then the participant is liable to be disqualified for a period to two years in case the student is a member of the team, the participant is liable to be disqualified as whole.

**Enclose:- Copy of Birth Certificate, Copy of Aadhar Card, Copy of last year marks sheet & Copy of School ID Card**

**Signature of Manager/Coach with Seal**

**Signature Head of the institution/ Principal with Seal**

**Signature of Component Authority of state/UT/Unit with Seal**

# JHARKHAND EDUCATION PROJECT COUNCIL, RANCHI

## SCHOOL EDUCATION AND LITERACY DEPARTMENT, JHARKHAND

## SUBROTO CUP FOOTBALL TOURNAMENT-2026-27

PARTICIPATION DETAILS (FILL IN BLOCK LETTER)

**NAME OF SCHOOL:**.................................................................................................

**UDISE NO:**.........................................................................................................

**DISTRICT:**.........................................................................................................

**AGE GROUP:** **U-15 BOYS/** **U-17 BOYS/** **U-17 GIRLS**

| SL. | NAME OF STUDENT | FATHER'S NAME | D.O.B | CLASS | ADMISSION NO & YEAR | SIGNATURE |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |
| 4 | | | | | | |
| 5 | | | | | | |
| 6 | | | | | | |
| 7 | | | | | | |
| 8 | | | | | | |
| 9 | | | | | | |
| 10 | | | | | | |
| 11 | | | | | | |
| 12 | | | | | | |
| 13 | | | | | | |
| 14 | | | | | | |
| 15 | | | | | | |
| 16 | | | | | | |
| | | | | | | |
| 17 | | COACH | MOB. NO- | | | |
| 18 | | MANAGER | MOB. NO- | | | |
| | | | | | | |

**Signature**
**of the Principal with Stamp**